## संक्षिप्त

### भैरव अष्टमी श्रद्धा के साथ मनाई

**सांभरझील।** भैरव अष्टमी के मौके पर आज सांभर में छोटा बाजार, मंडी की गली, कायस्थ मौहल्ला, चारभुजा की गली के पास, रेलवे स्टेशन के नजदीक, दरगाह के पास, सब्जी मंडी शाहिद अनेक स्थानों पर स्थित भेरुजी के मंदिरों में भैरव अष्टमी श्रद्धा के साथ मनाई। भेरुजी महाराज के जन्मदिन पर प्रतिमाओं का श्रृंगार किया गया पुष्प अर्पित किए गए। पूजा अर्चना की गई तथा जगह-जगह प्रसाद बांटा गया। बच्चों को भी धोक दिलाई गई। राजगढ़ राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की जयपुर में घर में घुसकर बदमाशों की ओर से की गई हत्या के विरोध में राजगढ़ व्यापार महासंघ ने बुधवार 6 दिसंबर को दोपहर 12 बजे तक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। व्यापार संघ के अध्यक्ष बसंत गुप्ता ने बताया कि गोगामेड़ी की हत्या निंदनीय है। इस घटना के विरोध में राजगढ़ कस्बे के बाजार दोपहर 12 बजे तक बंद रहेंगे। गुप्ता ने सभी व्यापारियों से बंद में सहयोग की अपील की है।

### आशीष यादव ने पी.एच.डी. की

**चौमूं / कालाडेरा ( निसं )** कालाडेरा थाना क्षेत्र के गांव रायथल के रहने वाले आशीष यादव पुत्र श्री बद्री नारायण यादव, बीड की ढाणी, गाँव रायथल वर्तमान मे आयोजना विभाग, शासन सचिवालय जयपुर मे सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत है। इन्होने अपना शोध कार्य प्रोफ़ेसर विपिन तायल सांख्यिकी विभाग, राजस्थान विश्वविधालय के निर्देशन मे "ए स्टडी ऑफ़ द नेगेटिव इम्पैक्ट ऑफ़ द टू चाइल्ड नॉर्म ऑन द इंडियन सोसाइटी" विषय पर किया है।आशीष यादव ने बीएससी महाराजा कॉलेज, जयपुर एमएससी सांख्यिकी विषय मे केन्द्रीय विश्वविधालय, राजस्थान से की है।

### धर्मवीर पहलवान का चयन

**कोटपूतली ।** पंजाब के पटियाला स्थित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में प्राप्त करेगें प्रशिक्षण कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम अजीतपुरा निवासी धर्मवीर पहलवान पुत्र रोहिताश धानका का चयन स्पोर्ट्स अथोरिटी ऑफ इण्डिया (एसएआई) द्वारा पंजाब के पटियाला में संचालित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में कुश्ती कोच प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए हुआ है।

# विधायक बनते ही एक्शन में आये धनकड़, अफसरों की बैठक ली

**पावटा।** विधायक बनते ही विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय भाजपा नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड एक्शन मोड में नजर आये । धनकड ने अधिकारियों को लक्ष्य दे दिये हैं। भाजपा नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड ने विराट नगर पंचायत समिति

■ 'मेरा लक्ष्य भ्रष्टाचार, दलाल मुक्त विराटनगर क्षेत्र हो'



विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय भाजपा नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए।

सभागार व पावटा पंचायत समिति सभागार मे उपखंड अधिकारी मूलचंद लुनिया व उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी सहित अधिकारियों के साथ बैठक की।

नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड ने अधिकारियों को कहाँ कि अधिकारियों का सरकारी योजनाओ को जनता तक पहुचाने मे अहम योगदान रहता है। उन्होंने कानून व्यवस्था मे सुधार कर क्षेत्र मे रात्रि गस्त बढाने की बात कही व कहा कि इससे अपराधियों मे भय बना रहेगा। उन्होंने कहाँ कि जनता ने विश्वास जताया है उस पर खरा उतरना है। काम में तेजी और पारदर्शिता लानी है। नवनिर्वाचित विधायक धनकड ने अधिकारियों से कहा कि कार्यो मे शिथिलता नहीं बरतनी है। उन्होंने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों को हाल में गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति सुनिश्चित करवाने का निर्देश दिया। वही उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी क्षेत्र में बिजली संबंधी कोई समस्या है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर हल करें और नागरिकों को नियमित रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस दौरान विधायक धनकड ने कहा कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में अधूरे पडे विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए। विधायक धनकड ने कहा कि बिजली विभाग लोगों के चालान करना ही उचित न समझे, इससे पहले विभाग नागरिकों को बिजली चोरी न करने बारे जागरूक करे। बिजली कटौती के कारण किसानो व पढने वाले बच्चो को परेशानी ना हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों को बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा मिले इसको लेकर वे कोई समझौता नहीं करेंगे और न ही कोई बहाना सुनेंगे। वही पालिका द्वारा क्षेत्र मे सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने व सफाई कर्मियों को समय पर तनवाह देने की बात कहीं। वही पट्टो को लेकर कहाँ कि इसमें किसी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नही है। वही क्षेत्र मे चाहे जल जीवन मिशन हो या सडक निर्माण या अन्य कोई विकास कार्य यदि गलत काम हुए है तो उनकी जाँच की जायेगी। सरकार के पैसों का दुरूपयोग सहन नही होगा। वही विकास अधिकारी पावटा को टैंडरो को लेकर कमेटी के बिना तय किये स्वीकृत नही करने की बात कही। वही सभी अधिकारियों को जनता का फोन उठाने व सीटों पर मिलने के निर्देश दिये।

## रोप-वे को फिर से चलाने के लिए पत्र लिखा

**चौमूं/कालाडेरा ( निसं )** विधानसभा क्षेत्र चौमूं से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जिला कलेक्टर जयपुर को पत्र लिखकर श्री वीर हनुमान जी सामोद में लगे रोप वे के पुनः संचालन के लिए पत्र लिखा।

पत्र के माध्यम से बताया कि अरावली पर्वतमाला पर स्थित सामोद वीर हनुमान जी मंदिर लाखों श्रद्धालुओं का आस्था का केंद्र है तथा अपने इष्ट देव के दर्शनों के लिए सैकड़ों श्रद्धालु रोज़ाना यहाँ आते हैं। वीर हनुमान जी का मंदिर पहाड़ी पर स्थित होने के कारण लगभग 11 सौ सीढ़ियों की चढ़ाई करनी पड़ती है। निःशक्तजन, बड़े बुजुर्गों को वीर हनुमान जी के सुगम दर्शनों के लिए 28 अप्रैल 2016 को रोप वे का निर्माण कार्य शुरू किया गया। जिसका निर्माण कार्य 15 सितंबर 2018 में पूर्ण हुआ और तत्पश्चात 24 मई 2019 को रोपवे का विधि विधान से शुभारंभ किया गया, परंतु एक माह बाद ही 28 जून 2019 को रोपवे संचालन पर रोक लगा दी गई थी। भाजपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जिला कलेक्टर से माँग की है कि सामोद वीर हनुमान जी के लगे रोप-वे की कमी खामियों को कंपनी से छह महीनों में दूर करने की अंडरटेकिंग लेकर चालू करने की अनुमति प्रदान कर अतिशीघ्र चालू करे।

## सार-समाचार

### हंसराज पटेल मंत्री पद की दौड़ में

**कोटपूतली।** कस्बे के बानसूर रोड स्थित गोकुल होटल में भाजपा टिकिट पर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक हंसराज पटेल बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों का प्रात: 10:15 बजे आभार व्यक्त करेगें। ओर आने वाले दिनों में गठित होने वाली भाजपा सरकार में पटेल को मंत्री पद दिये जाने की चर्चा भी जोरों पर है। आपको बता दें कि पटेल चाहे पहली बार जीत कर विधानसभा पहुंचे हो, लेकिन वे पिछले 25 वर्षो से राजनीति में सक्रिय है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि भाजपा आलाकमान पटेल को मंत्री बनाने के लिए गहनता से विचार कर रहा है। इसके लिए जातिय समीकरण भी उनके पक्ष में है। क्योंकि वे पूर्ववर्ती जयपुर, अलवर, दौसा जिलों में भाजपा टिकिट पर जीते एकमात्र गुर्जर समाज से आने वाले विधायक है। ऐसे में उन्हें भाजपा सरकार में मंत्री पद दिये जाने की चर्चायें जोरों पर है। यह भी बता दें कि पटेल के समक्ष नवगठित कोटपूतली-बहरोड़ जिले में विकास कार्य करना एवं लम्बित योजनाओं को पूरा करना ही बड़ी चुनौती है। हालांकि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के कारण उन्हें इस कार्य मंत बेहद सहयोग भी मिलेगा। वर्तमान में पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में स्वीकृत हुआ सीवरेज लाईन प्रोजेक्ट भी प्रगति पर है, जिसे तय समय में पुरा करवाने के साथ-साथ नवगठित जिले के लिए कलेक्ट्रेट व मिनी सचिवालय, जिला एसपी कार्यालय आदि का निर्माण भी इसी सरकार के कार्यकाल में होना है। वहीं कई गांवों में मूलभुत सुविधाओं के विकास के साथ-साथ क्षतिग्रस्त सडकों का निर्माण, मजबुत कानून व्यवस्था आदि के लिए भी उन्हें प्रतिबद्ध होकर कार्य करना पड़ेगा। इसके अलावा नारेहड़ा-पनियाला बाईपास का तय समय में निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग पर लम्बित कार्यो को पूरा करना आदि भी महत्वपूर्ण विषय है।

### अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन

**कोटपूतली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई कोटपूतली द्वारा दिल्ली में 07 से 10 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 69 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन स्थानीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को किया गया। जिला संयोजक अनमोल गोयल ने बताया कि 07 से 10 दिसम्बर तक इन्द्रप्रस्थ नगर दिल्ली में आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय अधिवेशन में देश भर से एबीवीपी के 10 हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। नगर मंत्री हर्षित सोनी ने बताया कि यह अधिवेशन विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के अमृत वर्ष का अधिवेशन है। विद्यार्थी परिषद अपने 75 वर्ष पूर्ण कर चुकी है। अधिवेशन का उद्घाटन 08 दिसम्बर को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेगें। पोस्टर विमोचन के अवसर पर प्रान्त एसएफएस संयोजक भीम सिंह पायला, सोशल मीडिया संयोजक मोनू सोनी, नगर एसएफडी संयोजक ऋतिक सोनी, नगर कार्यकारिणी सदस्य देवराज गुर्जर, सुनिल सैनी, प्रिया, टीना, मुस्कान, तनु समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विश्व मृदा दिवस मनाया

**श्रीमाधोपुर ।** एसबीएन पीजी महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस मनाया गया। महाविद्यालय निदेशक के डॉ. मुकेश कुमार बल्डवाल प्राचार्य डॉ एसके जाट ने बताया कि भूगोल विभाग के तत्वाधान में विश्व मृदा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भूगोल के सहायक आचार्य दीपक सैनी एवं कृष्णा बिजारणिया ने विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। सहायक आचार्य दीपक सैनी ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते रासायनिक खाद एवं दवाइयां के प्रयोग से भूमि का बंजरपन बढ़ता जा रहा है, साथ ही उन्होंने बताया कि पारिस्थितिकी का 95 प्रतिशत खाद्य संचालन जल एवं मृदा संघठनों के मिलने से प्राप्त होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवीण कुमार शर्मा,धर्मेंद्र कुमार जीतरवाल, ओमप्रकाश शर्मा ओमप्रकाश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, रवि राज शर्मा,जितेंद्र निठारवाल, मदनलाल सैनी, झाबरमल, युवराज पारीक, ज्योति जाखड़, मोनिका शर्मा, कोमल सैनी, ज्योसना स्वामी, संजू चौधरी, सुनीता यादव, निधि पारीक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### राष्ट्रीय कार्यशाला बुधवार को

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में बुधवार को कॉलेज नैक ग्रेडिंग मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें गोआ से प्रो. नन्द कुमार सांवत व बीकानेर से प्रो. नरेन्द्र भोजक एवं प्रो. दिव्या जोशी मुख्य वक्ता होगें। प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन ऑनलाईन व ऑफलाईन किया जायेगा। इसके लिए विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन किये है। कार्यशाला में कॉलेज स्तर पर नैक निरीक्षण के लिए वांछित तैयारियों के बारे में विस्तार से विमर्श किया जायेगा।

## गौशाला का अभाव, गोवंश की दुर्गति

**मंडावरी।** कस्बे एवं आसपास क्षेत्र में गौशाला के अभाव में गोवंश की दुर्गति हो रही है। आए दिन आवारा घूम रहे गोवंश की सड़क दुर्घटना में घायल होने एवं बीमार होने के बाद गौ सेवा में जुड़े दर्जनों युवा के भरोसे ही इन असहाय गोवंश का इलाज हो पता है।

क्षेत्र में कोई गौशाला नहीं होने के कारण जहां को भक्ति एवं गोश्त सेवक परेशान है तो दूसरी और इन गोवंश के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एवं बीमारी के चलते उनका तड़पते देखा लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत होती है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में गोवंश राष्ट्रीय राजमार्ग पर एवं आसपास खाली पड़ी इस जगह में एकत्र दिखाई देता है। मौजूदा समय में खेतों में फसले होने के कारण यह आवारा गोवंश किसानों के लिए भी सिर दर्द बना हुआ है। किसानो के खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचता है। कई बार राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित एवं तेजी व लापरवाही से वाहन को चला रहे चालक इन गोवंश को टक्कर मार कर गंभीर घायल कर देते हैं। वहीं रात्रि में गोवंश दिखाई नहीं देने के कारण कई बाइक सवार इसे टकराकर चोटिल हो चुके हैं। दुर्घटनाओं के बाद घायल गोवंश का गौ सेवा एवं गौ रक्षा के कार्य में निस्वार्थ भाव से लगे युवा खुद के स्तर पर संसाधन उपलब्ध कराकर मुख्य पर पहुंचते हैं एवं घायल गोवंश का उपचार कर गोवंश के जीवन बचाने का कार्य करते हैं।

वही सर्दी का मौसम होने के कारण आवारा घूम रहे गोवंश को कोई सहारा नहीं मिल पा रहा है ऐसे खुले में ज्यादा सर्दी की चपेट में आकर गोवंश कई जगह पर बीमार पड़ा है जिन का इलाज करने के लिए गौ रक्षा से जुड़े युवा उनके स्तर पर इनका इलाज करवा कर गोवंश को बचाने में सहायक नजर आ रहे हैं। गोरक्षा एवं उनकी सेवा कार्य में लगे युवाओं का कहना है कि मौजूदा समय में बेरोजगारी होने एवं उनको कहीं से रक्षा व सेवा की सहायता नहीं मिलने के कारण खुद के स्तर पर संसाधन जुटाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

## 7 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिये



अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर की निर्वाचन समिति के संयोजक एडवोकेट झाबरमल जाजोद ने चुनाव की जानकारी दी।

**श्रीमाधोपुर।** अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर की निर्वाचन समिति के संयोजक एडवोकेट झाबरमल जाजोद ,सहसंयोजक एडवोकेट अजय कुमार हरितवाल व एडवोकेट अभिषेक कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर के होने वाले चुनाव के लिए 4 दिसंबर को नामांकन वापसी की अंतिम तिथि पर 7 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए।

नामांकन पत्र वापसी के बाद संयुक्त सचिव पद पर एडवोकेट पूरणमल सांखला,पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर एडवोकेट महेंद्र सिंह खर्रा तथा कार्यकारिणी के पांच सदस्य एडवोकेट सोहन सिंह कलवानिया ,मुकेश कुमार दूधवाल, धर्मेंद्र सिंह सामोता, निखिल शर्मा व बजरंग लाल यादव निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन समिति के सदस्यों ने बताया कि अब अध्यक्ष पद पर एडवोकेट मुकेश कुमार शर्मा, रामावतार सैनी द्वितीय, सांवरमल महला व धूड़ सिंह रोलानिया ,उपाध्यक्ष पद पर अरविंद कुमार शर्मा व सुरेश कुमार जांगू, महासचिव पद पर एडवोकेट सुभाष यादव व राकेश कुमार जांगिड़ तथा कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट सुनील कुमार शर्मा व हनुमान राम के बीच मतदान 8 दिसंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक कराया जाएगा तथा उसी दिन शाम 3:30 बजे से मतगणना की जाकर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

# सांभर में सड़कों की हालत खस्ता

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर पर्यटन नगरी में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाने में नगरपालिका प्रशासन यानी शहर की सरकार पूरी तरह से फेल साबित हो रही है है। अध्यक्ष और चुने हुए जनप्रतिनिधि भी नगर पालिका पर इस दिशा में दबाव बनाने में राजनीतिक ताकत नहीं दिखा पा रहे हैं। लिहाजा स्थिति यह हो रही है कि नगरपालिका के तमाम अधिकारी और कर्मचारी स्वयं को शक्तिमान समझकर किसी को तवज्जो नहीं दे रहे हैं, जिसकी वजह से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यहां पर कांग्रेस बोर्ड के गठन के बाद से ही पोपा बाई का राज स्थापित हो गया है।

बताया जा रहा है कि यदि कोई पार्षद या अन्य जनप्रतिनिधि नगर पालिका पर दबाव बनाने की कोशिश करता है तो उसे राज कार्य में बाधा उत्पन्न करने के झूंठे मामले में फंसाये जाने का डर रहता है, इसलिए कुछ पार्षद अपनी प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए बेवजह ही आफत मोल लेना नहीं चाहते हैं जबकि वह खुद मानते हैं की स्थिति बद से बदतर हो रही है। प्रदेश की निवर्तमान मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने पर्यटन नगरी को डवलप करने के लिए करीब 100 करोड रुपए दिए थे, ऐतिहासिक ईमारतों, देवयानी तीर्थ स्थल के अलावा अनेक धार्मिक स्थलों के रखरखाव पर खर्च भी हुए लेकिन नगरपालिका अपने जिम्मे ऐसा कोई काम कांग्रेस बोर्ड में नहीं दिखा पाई जिसे सराहनीय कामों की श्रेणी में रखा जा सके। यहां के नगर पालिका की गहराई को समझने वाले कुछ ने सफाई व्यवस्था में प्रथम स्थान मिलने पर भी सवालिया निशान खड़े किए हैं क्योंकि उनका मानना है कि यह सब कुछ सेटिंग से तो नहीं हो गया है, वर्तमान स्थिति को देखते हुए सब कुछ इसके उलट फेर है। आवारा सांडों, लावारिस गायों, खूंखार कुत्तों का जमावड़ा ऐसा है की हर गली मोहल्ले में इन्हें आसानी से लड़ते-भिड़ते, उछल कूद करते, भ्रमण करते देखा जा सकता है, जिसकी वजह से यहां कई राहगीर, वाहन चालक तक चोटिल हो चुके हैं। सार्वजनिक पेशाब घरों की स्थिति बेहद दयनीय है, बदबू आती है, गंदगी जमा रहती है, तीन-चार महीने तक इन्हें धोया नहीं जाता है। सब्जी मंडी के पास पुरानी चारा मंडी, रामलीला रंगमंच के नजदीक, राजकीय युनानी औषधालय व गर्ल्स स्कूल के आसपास खुले में फेंका जाने वाला कचरा सभी के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। सिंधी बाजार जाने वाली रोड कई वर्षों से खराब पड़ी है ऊबड खाबड और गहरे गड्ढे हो गए हैं, नकाशा चौक तक जाने वाला प्रमुख मार्ग भी पेचवर्क को तरस रहा है। कई रोड लाइट समय से पहले ही बंद हो जाती है । सफाई व्यवस्था के मुद्दे को लेकर पूर्व में नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी, पार्षद धर्मेंद्र जोपट, पार्षद सुशीला शर्मा, पार्षद पति सत्यनारायण स्वामी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा की ओर से उपखंड अधिकारी, अध्यक्ष व ईओ तक को अवगत करवा चुके हैं लेकिन सफाई व्यवस्था में आंशिक सुधार के अलावा कोई खास काम नहीं हुआ है। यह समस्याएं आज भी बनी हुई है।

## क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**श्रीमाधोपुर।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में 5 दिसंबर नीमकाथाना जिला स्तरीय मंत्रालय कर्मचारियों की क्रिडा प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रीमाधोपुर विधायक झाबरसिंह खर्रा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमकाथाना जिला शिक्षाधिकारी राधेश्याम योगी ने की। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक झाबर सिंह खर्रा ने खेल मैदान पर वॉलीबॉल खेल कर किया। इससे पहले विधायक झाबर सिंह खर्रा के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय के सभागार भवन में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के दौरान विधायक खर्रा ने मंत्रालय कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें। सभागार भवन में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने नवनिर्वाचित विधायक खर्रा, श्रीमाधोपुर नगर पालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत, उपाध्यक्ष ओंकार सिंह राठौड़ एसीबीईओ विनोद शर्मा, नरसिंह शर्मा सहित मंचासीन अतिथियों का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया।

# तिजारा में काम कर गया बाबा बालकनाथ का फार्मूला

**किशनगढ़ बास।** नवगठित जिले खैरथल तिजारा की तीन सीटों पर कांग्रेस दौ पर और एक पर भाजपा का काबिज़ हुई हैं।जीत की कांग्रेस में खुशी है पर सरकार नहीं बनने से कार्यकर्ताओं में जोश नहीं है। किशनगढ़ बास और मुंडावर में भाजपा की हार का मुख्य कारण चुनाव मिस मेनजमैट और जीत को लेकर ओवर कॉन्फिडेंस माना जा रहा है।

तिजारा में कांग्रेस ने युवा मुस्लिम चेहरे पर दांव खेला तो भाजपा ने सांसद महंत योगी बालक नाथ को मैदान में उतारकर चुनाव का रंग बदल दिया। राजस्थान में चर्चित बनी तिजारा सीट पर दो बार उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री आदित्यनाथ नाथ योगी तिजारा में चुनावी सभा करके गए। जिसका असर यह हुआ कि तिजारा में भाजपा के महंत योगी बालक नाथ चुनाव जीत गए लेकिन तिजारा मेवात से लगती मुस्लिम बाहुल्य किशनगढ़ बास रामगढ़ और अलवर ग्रामीण सीट पर भाजपा चुनाव हार गई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह किशनगढ़ बास विधानसभा के नव गठित खैरथल जिला मुख्यालय पर बानसूर मुंडावर तिजारा एवं किशनगढ़ बास भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सभा करने पहुंचे। खैरथल में जहां गृहमंत्री सभा करके गए वहां से भाजपा करीब 4000 वोटो से हारी है। जबकि 2018 के चुनाव में यहां से लगभग 2500 वोटो से भाजपा जीती थी। इससे साफ होता है कि खैरथल की जनता ने खैरथल को जिला बनाए जाने के नाम पर वोट किया है।

किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के अहीरवाल में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित नजदीक के प्रदेश हरियाणा से भाजपा के अनेक यादव विधायक नेता भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील करने पहुंचे परंतु प्रत्याशी रामहेत यादव यादवों वोटो में हो रहे नुकसान को पक्ष में नहीं कर पाए । केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत राजपूतों के गांवों में सभा करके गए लेकिन वहां भी कोई बड़ा इजाफा भाजपा प्रत्याशी को नहीं मिल पाया। किशनगढ़ बास में पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने 82 वर्षीय बुजुर्ग नेता दीपचंद खेरिया के लिए और मुंडावर में सचिन पायलट ने कांग्रेस के युवा प्रत्याशी ललित यादव के पक्ष में सभा करके गए और वह चुनाव जीत गए।

किशनगढ़ बास से दूसरी बार विधायक बने दीपचंद खेरिया एक बार 2018 में बसपा से और दूसरी बार 2023 में कांग्रेस टिकट पर विधायक बने हैं। दोनों बार उन्होंने भाजपा के रामहेत यादव को हराया है। 2008 और 2013 में दीपचंद खेरिया इसी किशनगढ़ बास सीट पर कांग्रेस से चुनाव लड़कर भाजपा के रामहेत यादव से चुनाव हारे थे। 2008 में भाजपा के यादव विपक्ष में रहे तो दूसरी बार सरकार में रहे थे। 2018 में दीपचंद खेरिया बसपा से जीत कर सरकार का हिस्सा बने वही 2023 में विपक्ष की सरकार में विधायक बने हैं।

तिजारा में महंत योगी बालक नाथ के चुनाव जीतने से और राजस्थान में भाजपा की सरकार आने से खैरथल किशनगढ़ बास में जिले के कल के भविष्य को लेकर कयास लगाए जाने लगे हैं। तिजारा विधायक रहे संदीप यादव सरकार पर दबाव बनाकर उस दौरान खैरथल के साथ तिजारा का नाम जुड़वाने में कामयाब रहे परंतु सीएम अशोक गहलोत के बेहद करीबी रहे दीपचंद खेरिया ने जिला मुख्यालय खैरथल को ही रखा। चुनाव में खैरथल की जनता ने भी खुलकर दीपचंद खेरिया का साथ दिया और भारी मतों से खैरथल से जीता कर भेजा है।

# 'रेलनगरी फुलेरा को ही शिक्षा नगरी का भी दर्जा दिलाना मुख्य लक्ष्य'

**फुलेरा ।** कस्बे की जोबनेर रोड़ पर स्थित ईजी संस्थान में पांचजन्य थीम पर दूसरा वार्षिक उत्सव समारोह संस्था परिसर में निदेशक योगेन्द्र सिंह जादौन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् हरजीत सिंह और विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत शिक्षा अधिकारी सांभरलेक रामेश्वर लाल मेहरडा, समाजसेवी श्याम सुन्दर शर्मा, पानवा गौ शाला संरक्षक पवन मोदी, समाज सेविका उर्मिला देवी सुरोलिया रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों ने मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। इसके बाद आगन्तुक अतिथियों का माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। वहीं कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसी क्रम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा



फुलेरा के ईजी संस्थान में पांचजन्य थीम पर दूसरा वार्षिक उत्सव का शुभारंभ शिक्षाविद् हरजीत सिंह ने किया।

कि शिक्षा समाज का दर्पण है। हमें अपने बच्चो के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण संस्थान में अध्ययन करवाना चाहिए। ईजी संस्थान द्वारा फुलेरा में बेस्ट फैकल्टी लाकर श्रेष्ठ परिणाम दिया जा रहा है। (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) नीट और जेईई की तैयारी के लिए फुलेरा सहित आस पास के ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए प्रेप ईजी संस्थान एक उपयुक्त वातावरण है। जो हाल ही के परिणामों में जयपुर, सीकर, कोटा की कोचिंग सेंटर के समक्ष उठ खड़ा हुआ है और अपनी अनूठी पहचान कायम की है। रेलनगरी फुलेरा को शिक्षा नगरी का दर्जा देने के लिए यह कोचिंग संस्थान बेहतर कार्य कर रही है। इसको लेकर निर्देशक योगेन्द्र सिंह जादौन ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहकर सुगम वातावरण में अध्यनन कराया जाता है। साथ ही पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत ओलम्पियाडस, स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें छात्र छात्रा उत्साह पूर्वक भाग लेते है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित ओलांपियाडस में भी प्रेप इजी संस्थान फुलेरा के छात्र छात्राओं ने भाग लिया और गोल्ड, सिल्वर, ब्रोंज मेडल जीतकर संस्था एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसके लिए छात्रा पलक सुरोलिया ने कहा कि हमे शिक्षक के रूप में भगवान मिले है।

## बालिका कोचिंग शुरु

**कोटपूतली ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन में बालिका शिक्षा सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम के तहत कक्षा 10 वीं की कोचिंग का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि मंजरी महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति दुराफे ने कहा कि शिक्षा का किसी भी क्षेत्र के विकास में अमुल्य योगदान होता है। बालिकाएं भविष्य की धरोहर है। समाज में अभी भी बालिका शिक्षा पर समुचित ध्यान नहीं दिया जाता है एवं इनकी प्राथमिकता भी समाज में अभी भी काफी पीछे है। बालिका के शिक्षित होने से दो परिवारों का भला होता है। हमें बालिका शिक्षा पर ध्यान देना चाहिये। उन्होंने बालिकाओं को निरन्तर कठोर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षको से कहा कि छात्राओं का समय-समय पर टेस्ट लेकर उनकी प्रगति की समीक्षा करें, जिससे कि कोचिंग में आने का सही मायने में फायदा मिल सकें। यह कोचिंग ग्रामीण बालिकाओं के लिए ही शुरू की गई है अत: इसकी सार्थकता तभी है जब सभी बालिकाएं नियमित रूप से आएं एवं सीखे और हम चाहते है कि इनमें से अधिक से अधिक बालिकाये भविष्य में कामयाब बने।

# बांदीकुई विधायक ने सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया

**दौसा।** जिले के बांदीकुई से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक भागचंद टांकडा जीत के तीसरे दिन एक्सन मोड पर दिखाई दिए। बांदीकुई विधायक टाकड़ा द्वारा यूपी जिला अस्पताल एवं नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया गया।

बांदीकुई विधायक मंगलवार को अचानक सुबह 9 बजे बाइक पर सवार हो बांदीकुई उप जिला अस्पताल पहुंच गए। जहां उप जिला अस्पताल की बदहाली देखकर वह उखड़ गए। उन्होंने महिला वार्ड के बाथरूम में गंदगी देखकर नाराजगी जताई और वहा रखी झाड़ू ब्रश उठाकर सफाई की गई। इसके बाद विधायक टाकड़ा नगर पालिका कार्यालय पहुंचे तो अधिशासी अधिकारी रजनीश चौधरी के कार्यालय का ताला लगा मिलने पर अफसोस जाहिर किया गया। विधायक ने ईओ के ऑफिस के गेट पर लगे ताले को व्यंग्यात्मक लहजे में प्रणाम किया। इसके बाद विधायक ने सभी को व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए।विधायक ने कहा- पालिका में 30



दौसा जिले के बांदीकुई से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक भागचंद टांकडा ने सरकारी कार्यालयों का जायजा लिया।

लोगों का स्टाफ है। इसमें से 11 कर्मचारी मौजूद मिले। पालिका के कनिष्ठ अभियंता लाखन सिंह गुर्जर ने बताया की अधिशासी अधिकारी जयपुर से आते हैं ऐसे में लेट हो गए है। विधायक भागचंद टांकडा ने बताया की जब वे अस्पताल पहुंचे तो केवल अस्पताल प्रभारी डॉ. अशोक गुर्जर उपस्थित मिले। यहां 30 लोगों का स्टाफ है लेकिन चिकित्सकों के कमरों पर ताले लटके मिले। इस प्रकार की अव्यवस्था व अनियमितता को लेकर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिस कर्मचारी को यहां नौकरी करनी है वह अनुशासित ढंग से करे और जिसको नहीं करनी है वह कही ओर विधानसभा से बाहर जगह ढूंढ ले।